भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 930

जिसका उत्तर 05.02.2026 को दिया जाना है

दमण और दीव में सीआरआईएफ

930. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या दमण और दीव संघ राज्यक्षेत्र में केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के उपयोग हेतु कोई लक्ष्य निर्धारित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और पिछले पांच वर्षों के दौरान व्यय की गई निधि का ब्यौरा क्या है; और

(ग) दमण और दीव में केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि के अंतर्गत पिछले पांच वर्षों के दौरान निर्मित सड़कों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) केंद्रीय सड़क एवं अवसंरचना निधि (सीआरआईएफ) के अंतर्गत राज्य/ संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) सरकारों से प्राप्त कार्यों की प्राथमिकता के आधार पर विचार किया जाता है। वर्तमान वित्तीय वर्ष सहित विगत पांच वर्षों के दौरान दमण और दीव के लिए सीआरआईएफ के तहत कार्यों की मंजूरी के लिए यूटी प्रशासन से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

*****